कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉ तल उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2020/823 लखनऊःदिनांक 18 मई ,2020

यू0पी0 नीट पी0जी0–2020 की प्रथम चक्र की ऑन लाईन काउन्सिलिंग से प्रवेश प्रकिया पूर्ण किये जाने के उपरान्त त्यागपत्र दिये जाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचनाः–

ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा यू0पी0 नीट पी0जी0 2020 की प्रथम चक्र की ऑनलाईन कांउसिलिंग से आवंटन प्राप्त कर ऑन–लाईन प्रवेश प्रकिया पूर्ण कर ली है, तथा उन्हे अन्य राज्यो की कांउसिलिंग से भी सीट आवंटित हो गयी है, ऐसे अभ्यर्थी उ0प्र0 राज्य द्वारा प्रवेशित सीट से त्यागपत्र दिये जाने के इच्छुक है, तो उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत शासनादेश दिनांक 04.05.2020 के क्रम में नवीनतम (अन्य राज्य से) आवंटित कालेज का आवंटन पत्र प्रस्तुत करते हुये अपनी सीट से त्याग पत्र दिनांक 19.05.2020 से 23.05.2020 तक संबंधित नोडल सेंटर पर ऑफलाईन/ऑनलाईन द्वारा अपना त्यागपत्र प्रस्तुत कर सकते है। शिक्षण शुल्क एवं सिक्योरिटी धनराशि शासनादेश दिनांक 04.05.2020 में दी व्यवस्था के अनुसार ही वापस की जायेगी।

अन्य महत्वपूर्ण/अद्यतन सूचनायें हेतु विभागीय वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** & ***www.updgme.in*** का निरन्तर रूप से अवलोकन करते रहे।

महानिदेशक